हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, गुरूवार, 14 अगस्त 2025



तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

तालदेवरी में भोजली प्रतियोगिता का आयोजन
2




श्री शंकराचार्य
कॉलेज ऑफ नर्सिंग
हुडको, भिलाई (छ.ग.)
(2005 से संचालित)
नर्सिंग
B.Sc(N)
M.Sc.(N) P.B.B.Sc.(N)
7489713804, 7869513804
For Online Admission
Visit : www.sscnbhilai.com

# म्यामांर के विश्व प्रसिद्ध श्वेत मंदिर की तर्ज पर तैयार पंडाल में कमल आसन पर विराजेंगी मां दुर्गा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

**श्रीश्री दुर्गा उत्सव समिति द्वारा हर साल नया करने की चली आ रही परंपरा**



हर बार कुछ नया और आकर्षक करने की परंपरा अनुसार श्री श्री दुर्गा उत्सव समिति नैला में इस बार म्यामांर के विश्व प्रसद्धि श्वेत मंदिर की तर्ज पर भव्य पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है, जिसकी ऊंचाई 140 फीट और चौड़ाई 150 फीट होगी। यहां कमल आसन पर जगत जननी माता विराजमान होंगी।

ज्ञात हो कि नैला के दुर्गोत्सव की पहचान जिला और प्रदेश के साथ देश स्तर पर बन चुकी है। यहां हर साल नए नए तर्ज पर पंडाल और माता की प्रतिमा विराजित करने की परंपरा चली आ रही है। समिति के अध्यक्ष राजू पालीवाल ने बताया कि इस बार म्यामांर के विश्व प्रसिद्ध श्वेत मंदिर की तर्ज पर पंडाल तैयार किया जा रहा है, जहां मां दुर्गा की प्रतिमा 35 फीट ऊंची होगी, जिसे हीरे, मोती और बहुमूल्य रत्नों से सजाया जाएगा। मूर्ति की पृष्ठभूमि में अक्षरधाम और शीशमहल की झलक होगी, जिससे पूरा दृश्य एक दिव्य आध्यात्मिक अनुभव देगा। उन्होने बताया कि आयोजन में इस बार पहली बार इंटरनेशनल लेवल का लेजर शो शामिल किया जा रहा है। इस पंडाल को सजाने में बंगाली कारीगरों और स्थानीय कलाकार जुटे हुए है। पंडाल निर्माण में पश्चिम बंगाल के कारीगरों के साथ-साथ स्थानीय कलाकारों का भी योगदान है। पूरी रचना में बर्मा की स्थापत्य कला के साथ भारतीय पारंपरिक शिल्प का अद्भुत समावेश किया जा रहा है, जो पंडाल को और भी प्रभावशाली बना देगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए सीसीटीवी, मेडिकल टीम, वालंटियर सहायता केंद्र और स्वच्छता टीम की तैनाती होगी। उल्लेखनीय है कि जांजगीर नैला का दुर्गा महोत्सव प्रदेश समेत देश में अपनी एक पहचान बनाया हुआ है। हर साल एक नए स्वरूप में मां दुर्गा का भव्य पंडाल एवं प्रतिमा स्थापित की जाती है, जिसे देखने के लिए ना केवल जांजगीर चांपा जिला बल्कि बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, रायपुर सहित अन्य प्रदेश से लोग पहुंचते है। जांजगीर नैला स्थित दुर्गा महोत्सव के भव्य पंडाल को अंतिम रूप देने के लिए 100 से अधिक कर्मचारी दिन रात तैयारी में लगे हुए है। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत भटगांव के कलाकारों के द्वारा मां दुर्गा की आकर्षक प्रतिमा तैयार की जा रही है। वहीं लाईटिंग एवं अन्य व्यवस्था कलकत्ता के कलाकारों द्वारा तैयार किया जा रहा है।

### मुख्य स्टेज पर शीशमहल की दिखेगी झलक

गुजरात राज्य के अक्षरधाम मंदिर की तर्ज पर शीशमहल मुख्य स्टेज पर तैयार किया जा रहा है। मूर्ति की पृष्ठभूमि में अक्षरधाम और शीशमहल की झलक होगी, जिससे पूरा दृश्य एक दिव्य आध्यात्मिक अनुभव देगा। इसे लेकर दुर्गा समिति से जुड़े पदाधिकारी द्वारा दुर्गा महोत्सव को लेकर तैयारी में जुटे हुए है।

## खबर संक्षेप

### राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री वर्मा करेंगे ध्वजारोहण

**जांजगीर-चांपा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाले समारोह में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि होंगे तथा शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर में ध्वजारोहण करेंगे। जिसके पश्चात राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री वर्मा परेड की सलामी लेंगे तथा मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ शासन के संदेश का वाचन करेंगे।

मिनट टू मिनट कार्यक्रम स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह के मिनट टू मिनट कार्यक्रम के अनुसार अतिथि का आगमन प्रातः 8.59 में होगा। प्रातः 9 बजे मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण, प्रातः 9.01 बजे से राष्ट्रगान एवं सलामी, प्रातः 9.10 बजे से मुख्य अतिथि द्वारा मुख्यमंत्री का संदेश वाचन, 9.25 बजे से छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रातः 9.55 बजे तक पुरस्कार वितरण और 10.15 कार्यक्रम का समापन होगा।

### रास्ता रोक कर नाबालिग से छेड़छाड़, आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** रास्ता रोककर नाबालिग से छेडछाड़ करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेशम उर्फ गोलू यादव द्वारा 11 अगस्त को पीड़िता का रास्ता रोककर छेड़छाड़ करने लगा। जिस पर उसके चिल्लाने पर आरोपी द्वारा घटना के बारे में किसी को भी बताने पर जान से मारने की धमकी देकर वहां से भाग गया। जिसकी सूचना रिपोर्ट पर थाना चांपा में आरोपी के विरुद्ध अपराध सदर कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी रेशम उर्फ गोलू को पकड़ा जिसको पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने पर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड में भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता सहित स्टाफ का योगदान रहा।

### मनरेगा लेबर बजट व गुड गवर्नेंस पर प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत लेबर बजट 2026-27 एवं गुड गवर्नेंस विषयों पर जनपद पंचायत के कार्यक्रम अधिकारी, सहायक प्रोग्रामर और तकनीकी सहायकों के लिए प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में सहायक परियोजना अधिकारी गौरव शुक्ला एवं सहायक प्रचार प्रसार अधिकारी देवेन्द्र कुमार यादव ने बताया गया कि लेबर बजट ग्रामीण श्रमिकों को 100 दिनों का रोजगार उपलब्ध कराने की वार्षिक कार्ययोजना है।

### 4 साल में 10 हजार से अधिक महिलाओं की नसबंदी, पुरूषों की संख्या सौ भी नहीं

# जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम का पुरूषों ने निकाला जनाजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम जिले में महिलाओं के भरोसे ही चल रहा है। बीते 4 साल के आंकडों पर नजर डाली जाए तो जिले में जहां 10 हजार से अधिक महिलाओं ने नसबंदी कराई है तो वहीं पुरूष नसबंदी का आंकडा सौ तक भी नहीं पहुंच सका है। यहां गिनती के 65 पुरूषों का नसबंदी ऑपरेशन हुआ है।

गौरतलब है कि स्वास्थय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के द्वारा जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के माध्यम से सिमित एवं छोटे परिवार पर महत्व दिया जाना है। ताकि छोटा परिवार के माध्यम से बच्चो की पढाई लिखाई से लेकर उनका रहन सहन खानपान पूरी तरह से ब्यवस्थित किया जा सके। वही छोटे परिवार से होने वाले लाभ की जानकारी भी प्रदान की जा सके। इधर पुरूष वर्ग नसबंदी अभियान को ब्रेक लगाने पर लगे हुए है। स्थिती यह है कि चार साल के भीतर जहां 10 हजार 787 महिलाओ ने परिवार नियोजन को लेकर नसबंदी कराई है। वही महज 65 पुरूष ही नसबंदी कराने को लेकर सामने आए है। कुल मिलाकर देखा जाए तो नसबंदी कराने की जवाबदेही महिलाओ के ऊपर ही आकर टीक गई है। आंकडो पर नजर डाली जाए तो वर्ष 2022 में जहां 4 हजार 310 महिलाओ ने नसबंदी कराया तो वही इस अवधी में महज 39 पुरूष ही नसबंदी कराने पहुंचे। इसी प्रकार वर्ष 2023 में जहां 2 हजार 936 महिलाओ ने नसबंदी अभियान मे सहभागिता निभाई वही इस बीच महज 17 पुरूष लोग परिवार नियोजन को लेकर नसबंदी कराने पहुंचे। वर्ष 2024 में जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के तहत 3 हजार 116 महिलाओ ने नसबंदी कराई वही गिनती के 7 पुरूष ही नसबंदी कराने के लिए पहुंचे। वही साल 2025 में जहां 425 महिलाओ ने नसबंदी कराई वही महज 2 पुरूष लोग ही नसबंदी कराने को लेकर पहुंचे। एक तरफ तो सरकार के द्वारा छोटा एवं सुखी परिवार को बढावा देने के साथ साथ इसके होने वाले लाभ एवं शासन के द्वारा मिलने वाली योजनाओ की जानकारी दी जा रही है। वही दुसरी ओर नसबंदी कराने को लेकर पुरूष वर्ग महिलाओ से काफी पीछे चल रहे है। जिसके चलते नसबंदी पर एक तरह से ब्रेक लगाने का कार्य पुरूष वर्ग ही कर रहे है। जिसके चलते जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम पूरी तरह से कारगर साबित नही हो पा रहा है। कुल मिलाकर देखा जाए तो परिवार सिमित एंव छोटे रखने की जवाबदेही महिलाओ पर ही आकर टीक गई है। हांलाकि नसबंदी कराने के बाद महिलाओ एवं पुरूषो के शरीर पर किसी तरह की कमजोरी एवं शरीर के प्रभावित होने के आसार भी नही रहते । इन सबके बावजूद पुरूष लोग नसबंदी कराने के साथ जनसंख्या नियंत्रण करने को लेकर गंभीर नजर नही आते।

### नसबंदी कराने पर 3 हजार प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान

जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नसबंदी कराने वाले पुरूषो को नसबंदी कराने के बाद 3 हजार रूपऐ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। इसी प्रकार संस्थागत प्रसव को बढावा देने वाली महिलाओ को सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने पर प्रोत्साहन राशि तो मिलती ही है। ऊपर से प्रसव होने के बाद तुरंत नसबंदी कराने पर 3 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि तत्काल प्रदान की जाति है। वही बाद में नसबंदी कराने पर 2 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि शासन के द्वारा प्रदान की जाती है।

### करते है प्रोत्साहित

जनसंख्या नियंत्रण कार्यक्रम के तहत नसबंदी अभियान को बढावा देने के उदेश्य से महिलाओ एवं पुरूषो को प्रोत्साहित करते हुए नसबंदी कराने पर 3 हजार रूपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाती है। वही छोटे परिवार से होने वाले लाभ को लेकर जानकारी भी प्रदान की जाती है।

-मनोज बर्मन,
सीएमएचओ जांजगीर चांपा

# खेतों तक नहीं पहुंच रहा नहर का पानी, किसान पहुंच रहे कलेक्टोरेट

### सो रहा जिले का जल संसाधन विभाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोधना


पानी समस्या को लेकर कलेक्टोरेट पहुंचे किसान।

भादो के महीने में मौसम की बेरूखी ने किसानों की परेशानी बढ़ा दी है। ऊपर से 90 फीसदी सिंचित जिले में हसदेव बांगो नहर की धार टेल एरिया के खेतो तक नहीं पहुंच पा रही है। ऐसे में किसान रोज कलेक्टोरेट का चक्कर लगाते फिर रहे है, वहीं जिम्मेदार जल संसाधन विभाग का अमला आंख मूंदे बैठा है।

ज्ञात हो कि जिले के टेल एरिया के गांवों में नहर से पानी न मिलने के कारण खेतों में खड़ी फसलें सूखने लगी हैं। गोधना, बोरदा, कुकदा, कुरियारी और तेंदुवा के किसानों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जमकर विरोध जताया और पानी की आपूर्ति बहाल करने की मांग की। ग्राम गोधना से सरपंच, पंचगण सहित 20 किसान और ग्राम कुरियारी से सरपंच, पंचगण सहित 134 किसान कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अगर तुरंत नहर में पानी नहीं छोड़ा गया तो फसलें पूरी तरह नष्ट हो जाएंगी। किसानों ने बताया कि नहर से पानी आना बंद हुए कई दिन हो गए हैं। धान की फसलें पीली पड़ने लगी हैं और पौधे मुरझा रहे हैं। यह स्थिति जारी रही तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी मांग पर जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उनका कहना है कि खेती ही उनकी रोजी-रोटी का साधन है, और पानी न मिलने से उनकी मेहनत व निवेश दोनों बर्बाद हो जाएंगे। कलेक्टर ने किसानों की शिकायत सुनकर संबंधित विभाग को तुरंत जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए और जल्द ही पानी छोड़ने का आश्वासन दिया।

### किसानों के माथे पर छाई चिंता की लकीरें



**जैजैपुर-हसौद।** मानसून के भटक जाने से एवं खंड वर्षा से किसानों के माथे पर चिंता की लकीर देखी जा रही हैं। पर्याप्त पानी के अभाव में खेत सुखते नजर आ रहे हैं। खेतों में पढ़ रही दरारें से किसनो की फसल बर्बादी के कगार पर हैं। वही सिंचाई विभाग के द्वारा नहर के माध्यम से सिंचाई के लिए उपलब्ध कराई जाने वाली पानी को लेकर जगह-जगह किसानों के बीच विवाद की स्थिति देखी जा रही है। कई माइनर पर पानी के रोके जाने से अंतिम छोर तक पानी ही नहीं पहुंच पा रहा है। विभाग के द्वारा अंतिम छोर तक पानी पहुंचाने सतत निरीक्षण का अभाव देखा जा रहा है। जिसके चलते देवरधटा गुजियाबोड़ भनेतरा लालमाटी पीसौद सहित दर्जनों गांव सुखे के चपेट में नजर आ रहा है। नहर से पानी नहीं पहुंचने को लेकर किसानों के मध्य पनप रहे आक्रोश से जन आक्रोश अप्रिय स्थिति निर्मित होने की संभावना देखी जा रही है। विभाग को इस ओर ठोस पहल किया जाना चाहिए ताकि अंतिम छोर तक किसानों को भी सहजता से सिंचाई के लिए पानी सुलभ हो सके और अपने बर्बाद होते हुए फसल को बचा सके।

## पंचायत भवन में लटका ताला, सचिव नदारद, बैरंग लौट रहे ग्रामीण



**बम्हनीडीह।** ग्राम पंचायत कपिस्दा के पंचायत भवन में अक्सर ताला लटका रहता है। खास बात यह है कि पंचायत के सचिव भी अक्सर गायब मिलते है।

ग्राम पंचायत कपिस्दा में सचिव की लगातार अनुपस्थिति ने ग्रामीणों की मुसीबतें बढ़ा दी हैं। पंचायत कार्यालय का ताला रोज़ ग्रामीणों के सब्र का इम्तिहान ले रहा है। सचिव के पंचायत भवन में नही रहने के कारण लोगों को जन्म प्रमाण पत्र, पेंशन, आय प्रमाण पत्र सहित शासकीय योजनाओं की जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में जनपद सीईओ प्रज्ञा यादव का कहना है कि जानकारी लेकर कार्रवाई की जाएगी।

## शादी का झांसा देकर महिला से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा



शादी का झांसा देकर महिला से अनाचार करने वाला आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार कदंब चौक चांपा निवासी डूमर लाल गुप्ता उर्फ विक्की गुप्ता द्वारा पीड़िता को शादी करने झासा देकर जबरजस्ती अनाचार किया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध थाना चांपा में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी चांपा द्वारा थाना स्तर से टीम गठित कर आरोपी डूमर लाल गुप्ता को पकड़ा। जिसको हिरासत में लेकर पूछताछ कर करने पर जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उपरोक्त कार्यवाही मे निरीक्षक जय प्रकाश गुप्ता थाना प्रभारी चांपा, उप निरीक्षक उमेंद्र मिश्रा महिला प्रधान आरक्षक पुष्पलता साहू, आरक्षक वीरेश सिंह, गोपेश्वर सिंह, भूपेंद्र गोस्वामी का योगदान रहा।

### जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** जिला स्तरीय स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर से कचहरी चौक होते हुए वापसी शासकीय हाई स्कूल मैदान जांजगीर तक 14 अगस्त को प्रातः 7 बजे से किया जाएगा। जिले के सभी समस्त विभाग के अधिकारी, कर्मचारी स्कूल, कालेज के छात्र, छात्राएं, एनसीसी कैडेटस, एनएसएस समस्त खेल संघों के पदाधिकारी, खिलाड़ी, स्काउट गाईड, नेहरु युवा केन्द्र के सदस्य, गणमान्य नागरिकों को शामिल होने का आग्रह किया है।

### गरिमामय आयोजन को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को दिए निर्देश

# स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर कलेक्टर व एसपी ने की फाइनल रिहर्सल

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


स्वतंत्रता दिवस समारोह को लेकर फाइनल रिहर्सल कराते कलेक्टर व एसपी।

जिला मुख्यालय जांजगीर के हाईस्कूल मैदान में आयोजित किए जाने वाले स्वत्रतंता दिवस समारोह को लेकर कलेक्टर एवं एसपी ने अंतिम रिहर्सल किया। इस दौरान कार्यक्रम के गरिमामय आयोजन को लेकर अधिकारी कर्मचारियों को निर्देश दिए।

शुक्रवार 15 अगस्त को होने वाले स्वतंत्रता दिवस समारोह के अंतिम रिहर्सल में कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मुख्य अतिथि की भूमिका निभाई। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया। इस दौरान जिला स्तरीय कार्यक्रम का मिनट्स टू मिनिट्स अभ्यास किया गया। साथ ही कार्यक्रम की तैयारी का फुल ड्रेस रिहर्सल किया गया। बुधवार 13 अगस्त को कलेक्टर-एसपी ने बैठक व्यवस्था, ध्वजारोहण, बेरिकेड्स, सुरक्षा, पार्किंग, प्रवेश द्वार आदि व्यवस्था का निरीक्षण कर आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम व अन्य तैयारियों का अवलोकन किया एवं उपस्थित सभी अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



### सांसद जिला मुख्यालय में करेंगी ध्वजारोहण

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सक्ती जिले के कलेक्ट्रेट परिसर के निकट स्थित जेठा मैदान में आयोजित होने वाले स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह की तैयारी के लिए बुधवार को अंतिम रिहर्सल आयोजित किया गया। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि बने डिप्टी कलेक्टर विनय कुमार कश्यप ने ध्वजारोहण किया। फाइनल रिहर्सल में मुख्य अतिथि का आगमन, स्वागत, ध्वजारोहण, परेड सलामी, मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों से परिचय, पुरस्कार वितरण आदि का रिहर्सल किया गया।संबंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

ग्लोबल प्रा. आई.टी.आई
ITI AKALTARA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
• FITTER* 2 Year (10th Pass)
मनका दाई मंदिर के पीछे, वार्ड नं. 3,
बलोदा रोड, अकलतरा , (जांजगीर-चांपा)
89595-93946 • 89595-44444



# फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की लगी होड़

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार रजनीकांत की फिल्म कुली को लेकर फैन्स का क्रेज दिखने लगा है। फिल्म का फर्स्ट डे फर्स्ट शो देखने के लिए दर्शकों की होड़ लग गई है। टिकट आउट ऑफ स्टॉक हो रहे हैं और ब्लैक मार्केट में इनकी कीमत आसमना छू रही है। बताया जा रहा है कि पहले शो का टिकट प्राइस 4500 रुपए तक पहुंच चुका है। रजनीकांत के कई फैन्स जिन्हें टिकट नहीं मिल पाया और मायूस हैं। फिल्म कुली ने रिलीज के पहले ही धमाल मचा दिया है। एडवांस बुकिंग में ही 200 करोड़ का प्रॉफिट होने की खबरें आ रही हैं। इस बीच तमिलनाडु से लेकर इंटरनैशनल मार्केट तक थिएटर्स में उनकी फिल्म कुली देखने की धूम मची है।

लाइफ Style

# भूमि

## बिकिनी में दिए सिजलिंग पोज

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड एक्ट्रेस भूमि पेडनेकर ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर गोवा से बिकिनी में अपनी शानदार और बोल्ड तस्वीरें शेयर कर सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। उनकी ये तस्वीरें गोवा वेकेशन के दौरान की हैं। भूमि की इन तस्वीरों पर फैंस जमकर प्यार बरसा रहे हैं।

इस लेटेस्ट पोस्ट की शुरुआत में भूमि पूल के किनारे नीली बिकिनी में नजर आ रही हैं। इन शानदार तस्वीरों के साथ भूमि ने कैप्शन में लिखा, "वीकेंड की छुट्टी। प्रकृति, खाना और मैं।' यह कॉम्बिनेशन वाकई लाजवाब है। पहली तस्वीर में भूमि कर्वी फिगर और प्यारी मुस्कान में बेहद खूबसूरत दिखाई दे रही हैं। एक और तस्वीर में वह हरे-भरे पेड़-पौधों के बीच टाइट-फिटिंग ड्रेस में अपने कर्व्स फ्लॉन्ट करती नजर आ रही हैं। उनके खुले बाल और हल्का मेकअप धूप की रोशनी उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रही है। एक तस्वीर में भूमि हंसते हुए पकौड़ा पकड़े नजर आ रही हैं।

दूसरी तस्वीरों में वह कभी कैमरे से आंखें मिलाकर बोल्ड लुक देती हैं, तो कभी किताब पढ़ते हुए प्रकृति का आनंद लेती नजर आ रही हैं। भूमि की इस लाजवाब पोस्ट पर कई फैंस ने कमेंट कर अपनी राय पेश की है। एक फैन ने लिखा, 'जीवन भर चाय और पकौड़े', एक और फैन ने लिखा, 'बरसात का मौसम', तो वहीं कई फैंस ने भूमि की इन तस्वीरों पर फायर और दिल वाले इमोजी शेयर किए हैं। भूमि पेडनेकर ने यश राज फिल्म्स में सहायक कास्टिंग निर्देशक के रूप में अपना कॅरियर शुरू किया।




हॉलीवुड मसाला




# दुनिया का सबसे मनहूस गाना

**लॉस एंजिल्स।** साल 1933 में रेजसो सेरेस नाम के एक संगीतकार ने 'ग्लूमी संडे' गाना लिखा, जिसके दुःखद बोलों के कारण कई लोगों ने आत्महत्या कर ली, जिससे इसे 'हंगेरियन सुसाइड सॉन्ग' कहा गया। गाने पर बैन लगा, लेकिन 2003 में हटा दिया गया। रेजो सेरेस ने यह गाना तब लिखा था जब उनकी प्रेमिका उन्हें छोड़कर चली गई थी और इसके बोल इतने दुःखद थे कि जिसने भी इसे सुना, वह बहुत दुखी हुआ। कहा जाता है कि यह गाना इतना हृदय विदारक था कि कुछ लोगों ने इसे सुनने के बाद आत्महत्या तक कर ली थी।




# कैंप रॉक की स्टार जोड़ी जो और डेमी फिर साथ

**लॉस एंजिल्स।** अमेरिकन पॉप बैंड जोनस ब्रदर्स के 20 साल पूरे होने की खुशी में 'जोनस 20: ग्रीटिंग्स फ्रॉम योर होमटाउन' टूर' का आयोजन किया जा रहा है। अमेरिका में हो रहे इस टूर के पहले ही शो ने फैंस को जबरदस्त सरप्राइज दिया। न्यू जर्सी के मेटलाइफ स्टेडियम में हुए इस कार्यक्रम में जो जोनस की पूर्व प्रेमिका और फेमस सिंगर डेमी लोवाटो की एंट्री ने सभी को चौंका दिया। ये वो ही जोड़ी है जिसने साल 2008 की डिज्नी फिल्म कैंप रॉक में साथ काम किया था और अब वर्षों बाद एक ही मंच पर साथ नजर आई। इस स्पेशल परफॉर्मेंस में डेमी और जो ने गॉटा फाइंड यू, दिस इज मी, वुडन्ट चेंज अ थिंग जैसे क्लासिक गाने गाकर न सिर्फ मंच पर जादू बिखेरा, बल्कि दर्शकों को भी भावुक कर दिया।




# सिद्धार्थ-जान्हवी में दिखी जबरदस्त केमिस्ट्री

**मुंबई।** सिद्धार्थ मल्होत्रा और जान्हवी कपूर की रोमांटिक फिल्म परम सुंदरी का ट्रेलर मंगलवार को रिलीज हो गया है। ट्रेलर में सिद्धार्थ और जान्हवी के बीच जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली है। ट्रेलर में रोमांस के साथ कॉमेडी और ड्रामा की भी झलक देखने को मिली है। ट्रेलर की शुरुआत सिद्धार्थ और जान्हवी के चर्च में बातें करने से होती है। जहां दोनों एक-दूसरे उनके पास्ट के बारे में पूछते हैं। फिल्म में सिद्धार्थ परम के किरदार में हैं, जो दिल्ली का रहने वाला है। जबकि जान्हवी कपूर के किरदार का नाम सुंदरी है, जो केरल की रहने वाली है। ट्रेलर में केरल की खूबसूरती देखने को मिली है। कुछ एक सीन में सिनेमैटोग्राफी काफी खूबसूरत मालूम पड़ती है। 2 मिनट 40 सेकंड के इस ट्रेलर में जान्हवी और सिद्धार्थ के बीच एक अच्छी केमिस्ट्री देखने को मिली है।




# जॉली एलएलबी-3 का टीजर रिलीज...

**मुंबई।** अक्षय कुमार और अरशद वारसी की फिल्म जॉली एलएलबी 3 का टीजर मंगलवार को रिलीज हो गया है। इस बार फिल्म में दोनों जॉली नजर आएंगे और एक-दूसरे का मुकाबला करते दिखेंगे। टीजर काफी मजेदार लग रहा है। जिसमें अरशद वारसी और अक्षय कुमार के अलावा सौरभ शुक्ला भी नजर आए हैं। 1 मिनट 30 सेकंड के इस टीजर की शुरुआत केस की सुनवाई के अनाउंस के साथ होती है। जिसमें जगदीश त्यागी उर्फ जॉली फ्रॉम मेरठ यानी अरशद वारसी का नाम पुकारा जाता है। इसके बाद अरशद वारसी स्कूटर पर सवार और फिर कोर्ट में दिखाई देते हैं। फिर एंट्री होती है एक बार फिर जज के किरदार में नजर आने वाले सौरभ शुक्ला की। इसके बाद डिफेंस के वकील के रूप में एंट्री होती है जगदेश्वर मिश्रा उर्फ जॉली फ्रॉम लखनऊ यानी अक्षय कुमार की।

टीवी मसाला



# कर्नल सोफिया ने बताया क्यों करना पड़ा ऑपरेशन सिंदूर

**नई दिल्ली।** कौन बनेगा करोड़पति सीजन 17 के साथ धमाकेदार वापसी कर चुका है। इंडिपेंडेंस स्पेशल एपिसोड में ऑपरेशन सिंदूर की हीरो कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली होंगी। एपिसोड का प्रोमो आ चुका है। चैनल ने जो वीडियो शेयर किया है उसमें कर्नल सोफिया कुरैशी बताती हैं कि पाकिस्तान के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर क्यों करना पड़ा। क्लिप में दिखाई दे रहा है कि कर्नल सोफिया कुरैशी बोलती हैं, पाकिस्तान ये करता चला जा रहा है तो जवाब देना बनता था सर। इसलिए ऑपरेशन सिंदूर प्लान किया गया। इसके बाद कर्नल सोफिया कुरैशी, विंग कमांडर व्योमिका सिंह और कमांडर प्रेरणा देवस्थली अपना परिचय देती हैं और बताती हैं कि वे तीनों केबीसी के स्वतंत्रता दिवस स्पेशल एपिसोड में आएंगी। उनकी एंट्री दिखाई देती है इसमें अमिताभ बच्चन भारत माता की जय का नारा लगाता हैं। उनके साथ दर्शक भी जोश में दिखाई देते हैं। केबीसी 17 सीजन की शुरुआत 11 अगस्त को हो चुकी है। शो को फिर से अमिताभ बच्चन होस्ट कर रहे हैं। अब फास्टेस्ट फिंगर फर्स्ट राउंड 2 लोग जीतेंगे। फिर उनको आपस में कॉम्पीट करना होगा। जो जीतेगा वही हॉटसीट पर बैठेगा।

## कपिल ने खींची उदित नारायण की टांग

**नई दिल्ली।** कपिल शर्मा के शो द ग्रेट इंडियन कपिल शो में उदित नारायण समेत कई सिंगर्स बतौर गेस्ट बनकर आए। इस दौरान सभी ने कपिल के साथ खूब मस्ती की और वहीं उदित नारायण के फैन को किस करने वाले इंसिडेंट पर भी मजाक बनाया। अब अपकमिंग एपिसोड में म्यूजिक इंडस्ट्री के कई पॉपुलर सिंगर्स आने वाले हैं, जिसमें विशाल ददलानी, शेखर रवजियानी, शान और



नीति मोहन शामिल हैं। सभी साथ में स्वतंत्रा दिवस सेलिब्रेट करेंगे। इस दौरान कपिल, उदित नारायण के किस वाले किस्से पर भी बात करते हैं। दरअसल, शो में शान अपनी जर्नी के बारे में बात करते हैं विशाल के साथ क्योंकि दोनों ने साथ में डेब्यू किया था। वहीं फिर कीकू शारदा, कृष्णा अभिषेक और सुनील ग्रोवर की परफॉर्मेंस सबको हंसा देती है। कपिल फिर उदित के फैन को किस करने वाले किस्से पर उनकी टांग खींचते हैं। कपिल बोलते हैं, 'शान भाई और उदित सर दोनों हंसते-हंसते गाते हैं।

# काजोल-ट्विंकल के शो में मेहमान बनकर आएंगे सलमान और आमिर

**मुंबई।** काजोल और ट्विंकल खन्ना साथ में मिलकर शो लेकर आ रहे हैं 'टू मच विद काजोल और ट्विंकल'। इस शो की गेस्ट लिस्ट को लेकर अब तक कोई जानकारी तो नहीं आई थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि इस शो में बॉलीवुड के 2 बड़े स्टार्स आने वाले हैं और वो हैं सलमान खान-आमिर खान। सलमान और आमिर सेट पर मौजूद थे और दोनों ने एपिसोड की शूटिंग की। हालांकि, इस बारे में शो के मेकर्स की तरफ से कोई ऑफिशियल कमेंट नहीं आया है। बता दें कि सलमान और आमिर ने साथ में कल्ट क्लासिक फिल्म दी है और वो है अंदाज अपना अपना जो साल 1994 में रिलीज हुई थी। वहीं, शो टू मच विद काजोल और ट्विंकल की बात करें तो यह शो काफी कैंडिड और बोल्ड होने वाला है। रिपोर्ट्स आई थीं कि शाहरुख, सलमान, आमिर, अजय देवगन, अक्षय कुमार गेस्ट बनकर आएंगे। काजोल और ट्विंकल के ह्यूमर की बात करें तो दोनों हमेशा बेबाकी से बात करते हैं। दोनों काफी बातें करती हैं। जब शो की अनाउंसमेंट हुई थी तब अक्षय ने लिखा था, पहले ही डर गया हूं दोनों को साथ देखकर पोस्टर में, शो में पता नहीं क्या हंगामा होगा। वहीं अजय ने लिखा था, गेस्ट लोग, हमेशा स्ट्रॉन्ग रहना।



# बॉलीवुड के सबसे दमदार कैमियो रोल, थिएटर्स में जमकर बजीं सीटियां और तालियां...

*मुंबई। ऋतिक रोशन और जूनियर एनटीआर की फिल्म वॉर-2 कैमियो अपीयरेंस की वजह से सुर्खियों में है। अगर प्लेसमेंट सही हो तो, गेस्ट अपीयरेंस फिल्म को जबरदस्त बूस्ट दे जाते हैं।*

***पठान में सलमान खान :*** *फिल्म पठान में सलमान खान के कैमियो ने इस मूवी को बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त बूस्ट दिया था। शाहरुख खान लंबे वक्त बाद एक्शन मूवी में लौटे थे, और टाइगर के किरदार में सलमान खान की एंट्री ने माहौल जमा दिया था।*

***टाइगर-3 में शाहरुख खान :*** *क्योंकि वीआरएफ ने स्पायवर्स में सलमान खान (टाइगर) के साथ शाहरुख खान (पठान) को जोड़ दिया था, इसलिए जब सलमान की टाइगर-3 आई, तो इसमें शाहरुख खान पठान के किरदार में नजर आए।*



***सिंबा में अजय देवगन :*** *रणवीर सिंह ने जब कॉप यूनिवर्स में बतौर सिंबा एंट्री ली, तो इस मूवी में अजय देवगन का दमदार कैमियो हिट हो गया। अजय देवगन की एंट्री पर फिल्म में खूब तालियां पड़ी थीं।*

***पीके मूवी में रणवीर सिंह :*** *फिल्म पीके'में रणवीर सिंह का कैमियो रोल था। फिल्म के आखिर में जब वह आमिर खान के साथ नजर आए तो लोगों का एक्साइटमेंट लेवल पीक पर पहुंच गया।*

***ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित:*** *रणवीर सिंह और दीपिका पादुकोण की फिल्म ये जवानी है दीवानी में माधुरी दीक्षित का कैमियो थिएटर्स में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। फिल्म को इससे बॉक्स ऑफिस पर भी फायदा मिला।*

***डॉन-2 में ऋतिक रोशन :*** *फिल्म डॉन में ऋतिक रोशन का डॉन के अवतार में नजर आना सिनेमाघरों में तालियां पड़वाने के लिए काफी था। जब मास्क के पीछे ऋतिक रोशन नजर आते हैं तो यह सीन लोगों को काफी सरप्राइजिंग लगा था।*


***इंग्लिश विंग्लिश में अमिताभ बच्चन :*** *दिवंगत एक्ट्रेस श्रीदेवी की फिल्म इंग्लिश विंग्लिश में जब अचानक अमिताभ बच्चन की एंट्री हुई तो यह काफी सुकून देने वाला सीन था, जो दर्शकों को काफी पसंद आया।*

## अंधेरे में देख कांप जाएगी रूह, द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स कर देगी सोचने पर मजबूर

# धमाकेदार होगा ये हफ्ता, रिलीज होंगे 9 फिल्में-सीरीज

*मुंबई। हमेशा की तरह इस बार दर्शकों को इस हफ्ते फिल्में और सीरीज के रिलीज का बेसब्री से इंतजार है। इस बार भी नेटफ्लिक्स, सोनी लिव, जिओ हॉटस्टार, प्राइम वीडियो जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज होने वाली हैं।*

**डॉग मैन :** डॉग मैन 2025 में रिलीज होने वाली एक अमेरिकी एनिमेटेड सुपरहीरो कॉमेडी फिल्म है, जो डेव पिल्की की बच्चों की ग्राफिक उपन्यास श्रृंखला पर आधारित है। यह कैप्टन अंडरपैंट्सः द फर्स्ट एपिक मूवी (2017) का स्पिन-ऑफ और कैप्टन अंडरपैंट्स फ्रैंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इसे ड्रीमवर्क्स एनिमेशन ने प्रोड्यूस किया है।





**सारे जहां से अच्छा :** सारे जहां से अच्छा गौरव शुक्ला द्वारा निर्मित एक आगामी एक्शन थ्रिलर टेलीविजन सीरीज है। इस सीरीज को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम किया जाएगा। प्रतीक गांधी, सनी हिंदुजा, सुहैल नैयर, कृतिका कामरा, तिलोत्तमा शोम, रजत कपूर और अनूप सोनी अभिनीत यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर 13 अगस्त को रिलीज हो रही है।

**कोर्ट कचहरी :** पवन मल्होत्रा, आशीष वर्मा और पुनीत बत्रा अभिनीत, यह आगामी राजनीतिक ड्रामा सीरीज परम माथुर पर आधारित है। ये एक ऐसे युवक पर बनी है, जो अपने पिता की विरासत को आगे बढ़ाने और एक जर्जर जिला अदालत में वकालत करने के लिए मजबूर है, जहां सत्ता और पैसे के आगे कानून नतमस्तक है। इस सीरीज को मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म सोनी लिव पर 13 अगस्त 2025 को ऑनलाइन रिलीज होगी।

**द ईकोज ऑफ सर्वाइवर्स :** कोरिया में हुई कुछ सबसे भयावह घटनाओं में बच निकले लोगों के किस्से आपके रोंगटे खड़े कर देंगे। सच्ची घटनाओं पर आधारित यह डॉक्यूमेंट्री सीरीज 15 अगस्त को रिलीज होगी जो आपको सोचने पर मजबूर कर देगी।

**अंधेरा :** हॉरर और सुपरनैचुरल कहानियों में दिलचस्पी रखने वालों के लिए प्रिया बापट, करणवीर मल्होत्रा, प्राजक्ता कोली और सुरवीन चावला की नई वेब सीरीज 'अंधेरा' में बहुत कुछ है। आठ एपिसोड की इस सीरीज में खौफ का कुआं है। पुलिस की जांच है और हत्याएं हैं। अंधेरा 14 अगस्त को प्राइम वीडियो पर रिलीज होगी।

**एलियनः अर्थ :** एलियनः अर्थ,एलियन ब्रह्मांड पर आधारित नई साइंस फिक्शन सीरीज है। यह साइंस-फिक्शन हॉरर सीरीज रिडले स्कॉट की एलियन (1979) की घटनाओं से ठीक दो साल पहले की है। यह उस घटना के बाद की कहानी है जब एक अंतरिक्ष यान पृथ्वी पर दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है। सिडनी चैंडलर और आदर्श गौरव अभिनीत, यह सीरीज जियो हॉस्टार पर 13 अगस्त को रिलीज होगी।

**क्वांटम लीप :** अगर टाइम ट्रेवल और क्वांटम फिजिक्स वाले कॉन्सेप्ट की फिल्में व सीरीज पसंद हैं तो 14 अगस्त को नेटफ्लिक्स पर क्वांटम लीप का नया सीजन आने जा रहा है।

**तेहरान :** तेहरान, अरुण गोपालन द्वारा निर्देशित एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसमें जॉन अब्राहम, नीरू बाजवा और मानुषी छिल्लर मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 2012 में इजराइली पर हुए हमलों पर आधारित है। तेहरान 14 अगस्त को जी5 पर रिलीज होगी।

**लव इज ब्लाइंड :** लव इज ब्लाइंड का पहला सीजन को लोगों ने खूब पसंद किया। ऐसे में अब इसके दूसरे सीजन का दर्शकों को बेसब्री से इंतजार था। ये सीरीज 13 अगस्त को रिलीज होगा।

**खबर संक्षेप**

## इंडियन पब्लिक स्कूल में मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी



**जांजगीर-चांपा।** इंडियन पब्लिक स्कूल, जांजगीर में बुधवार 13 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास एवं पारंपरिक श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय प्राचार्य श्रीमती ललिता राठौर एवं विजय राठौर के द्वारा दीप प्रज्वलन और श्रीकृष्ण की प्रतिमा के पूजन से हुई। इस अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण और राधा के रूप में सजकर मनमोहक झांकियां प्रस्तुत कीं। विद्यालय प्रांगण में माखन-चोरी, दही-हांडी और भजन-कीर्तन जैसी रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। एवं कृष्ण जन्म के अवसर पर केक काटा गया और सभी को प्रसाद वितरण किया गया। विद्यालय प्राचार्य एवं शिक्षकों ने अपने उद्बोधन में श्रीकृष्ण के जीवन से शिक्षा लेने एवं सत्य, प्रेम और करुणा के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

## छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक कल

**अकलतरा।** पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक का आयोजन 15 अगस्त को बलौदा रोड मनकादाई मंदिर के पास स्थित पेंशनर भवन में किया जाएगा। इस दौरान प्रांत अध्यक्ष डॉ डीपी मनहर के द्वारा पेंशनर भवन में ध्वजारोहण किया जाएगा साथ ही उपस्थित पेंशनरों के लिए निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण कर पेंशनरों को निशुल्क दवाइयां का वितरण भी किया जाएगा। संघ के महासचिव रतनलाल कैवर्त ने कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पेंशनरों को उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## खाद की कमी एवं कालाबाजारी को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**अकलतरा।** भारतीय किसान संघ के द्वारा सेवा सरकारी समिति में खाद की कमी एवं कालाबाजारी पर अंकुश लगाए जाने की मांग को लेकर संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष के देवव्रत तिवारी संघ के वरिष्ठ युगल किशोर सिंह के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर एवं जिले के तहसील कार्यालयों में तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। संघ के जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने बताया कि जिला में बलौदा तहसील, पामगढ़ तहसील, नवागढ़ तहसील एवं अकलतरा में खाद की कमी एवं खाद की कालाबाजारी की शिकायत मिली है। बाजार में 500 से 800 रुपए तक खाद बिक्री की जा रही है साथ ही जिले भर में असमय बिजली कटौती की शिकायत भी मिल रही है। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंप कर जिले में खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए कालाबाजारी पर तत्काल रोक लगाने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, जिला उपाध्यक्ष इंद्रमण मरकाम ,जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र जयसवाल , कोषाध्यक्ष भगवत लाल बंजारे ,जिला मंत्री मोहन कश्यप ,विधिक प्रभारी कीर्तन लाल भारद्वाज, जिला कार्यालय प्रभारी नवनीत सिंह राणा, जिला पदाधिकारी सनत कुमार साव ,छेदी लाल यादव, राजकुमार कौशिक ,कीर्तन लाल भारद्वाज, कार्तिक राम कश्यप, गंगाराम धनवार ,रामनाथ, रविंद्र धनवार ,चंद्रभान सिंह मरावी, बलौदा तहसील के अध्यक्ष महेंद्र सोनी तुलसी लहरे एवं कार्यकारिणी सदस्य, अकलतरा तहसील के भारतीय किसान के कार्यकारिणी अध्यक्ष उनके कार्यकारिणी सदस्य नवागढ़ तहसील अध्यक्ष नरोत्तम एवं उनके कार्यकारिणी शिवरीनारायण तहसील के संजय कश्यप उनके कार्यकारिणी बह्मनीडिह तहसील पामगढ़ तहसील के बौद्ध राम साहू एवं गौरीशंकर रथ राम दिलीप कुमार कुंज बिहारी लक्ष्मण सिंह ठाकुर बड़ी संख्या में किसान शामिल हुए।

### कलेक्टर की अगुवाई में आयोजित तिरंगा यात्रा में आमजन को किया गया प्रेरित

# हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकली बाइक रैली



तिरंगा यात्रा में शामिल कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार 13 अगस्त को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो की अगुवाई में जनपद पंचायत सक्ती में बाईक-स्कूटी जागरूकता रैली, तिरंगा यात्रा और शपथ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

स्वामी आत्मानंद स्कूल सक्ती से प्राथमिक शाला सोंठी तक कलेक्टर अमृत विकास तोपनो और जिला पंचायत सीईओ वासु जैन सहित विभिन्न जनप्रतिनिधियों और जिलेवासियों की उपस्थिति में तिरंगा यात्रा बाईक-स्कूटी जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बाईक-स्कूटी जागरूकता रैली के प्राथमिक शाला सोंठी पहुचने के बाद ग्राम पंचायत बोईरडीह तक सभी अधिकारियों कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों और जिलेवासियों द्वारा पैदल तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया एवं हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता हेतु आमजन को प्रेरित किया गया। ग्राम पंचायत बोईरडीह में भारत माता और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना के साथ तिरंगा रंगोली तिरंगा गीत और तिरंगा नृत्य का आयोजन किया गया। स्व सहायता समूह की दीदीयो द्वारा इस अवसर पर तिरंगा घरेलू उत्पाद का स्टाल भी लगाया गया।

कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को हर घर तिरंगा के लिए शपथ भी दिलाया गया। साथ ही तिरंगा हस्ताक्षर अभियान का आयोजन भी किया गया। इस अवसर पर तिरंगा रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया। इस अवसर पर उच्च न्यायालय अधिवक्ता चित्रंजय पटेल, सांसद प्रतिनिधि रंजन सिंहा, जिला पंचायत सदस्य श्रीमती विद्या सिदार, आयुष शर्मा, जनपद अध्यक्ष श्रीमती नीतू राय, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष बंशीधर खाण्डे, जनपद सदस्य राजू बजरंग राठौर, सुषमा साहू, विधायक प्रतिनिधि ऋषि राय, राम नरेश यादव, जनपद पंचायत सक्ती मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती प्रीति पवार एवं सम्माननीय जनप्रतिनिधि, जनपद पंचायत कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक एवं स्व सहायता समूह की दीदीयां एवं स्कूल के बच्चे और विभिन्न जिलेवासी शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन उच्च न्यायालय अधिवक्ता चित्रंजय पटेल द्वारा तथा सीईओ श्रीमती प्रीति पवार द्वारा कार्यक्रम के अंत में आभार व्यक्त किया गया।

## नगर पंचायत डभरा में मनाया गया हर घर तिरंगा कार्यक्रम




**डभरा।** जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सी के आदिले के मार्गदर्शन में विकासखंड स्तरीय तिरंगा रैली 13 अगस्त को प्रातः 11 बजे से जनपद पंचायत डभरा के द्वारा जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय हर घर तिरंगा, हर घर स्वच्छता, स्वतंत्रता का उत्सव, स्वच्छता के संग थीम पर कार्यक्रम आयोजित किया गया इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा नेत्री संयोगिता सिंह जूदेव, भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल, जिला पंचायत अध्यक्ष द्रोपदी चंद्रा, उपाध्यक्ष कमल किशोर पटेल, जिला पंचायत सदस्य प्रियंका आलोक पटेल, जनपद पंचायत डभरा के अध्यक्ष अरुणा महेंद्र सिदार, उपाध्यक्ष अंजू संजू पटेल, समस्त जनपद सदस्य, नगर पंचायत अध्यक्ष दीपक साहू, उपाध्यक्ष लीलाम्बर सिंह जगत, भाजयुमो जिलाध्यक्ष लोकेश साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष दिनेश बरेठ, जनपद पंचायत के समस्त स्टाफ, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आवास मित्र, बिहान कैडर्स, क्लस्टर पदाधिकारी, स्कूल के छात्रगण, स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं भारी संख्या में लोग शामिल हुए। उक्त कार्यक्रम में रंगोली, तिरंगा रैली, स्वच्छता शपथ, सेल्फी, तिरंगा कविता, भाषण एवं तिरंगा विक्रय स्टॉल गतिविधियां आयोजित किया गया।

## तिरंगा यात्रा के दौरान देशभक्ति के नारों से गूंजा क्षेत्र



**हसौद।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत बुधवार को हसौद में भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। जिला पंचायत सदस्य सुशील सिन्हा के नेतृत्व में निकली इस यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष एवं युवा वर्ग शामिल हुए। यात्रा के दौरान जोश और उमंग के साथ "भारत माता की जय" तथा "पंद्रह अगस्त अमर रहे" के नारे लगाए गए, जिससे पूरा क्षेत्र देशभक्ति के रंग में रंग गया। अंबेडकर चौक से प्रारंभ हुई यह यात्रा मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड, मिलन चौक पहुंची और अंत में मंडी चौक पर संपन्न हुई। मार्ग में जगह-जगह नागरिकों ने तिरंगा यात्रा का भव्य स्वागत किया। तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों के हाथों में तिरंगे लहराते रहे और चारों ओर उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। यात्रा के समापन पर मंडी चौक में स्वल्पाहार कर आयोजन का समापन किया गया। इस आयोजन में हसौद सरपंच अनुसूईया कैलाश बंजारे, भाजपा वरिष्ठ नेता संपूर्णानंद मिश्रा, गोपी सिंह ठाकुर, शत्रुहन यादव, योगेंद्र गोस्वामी, चैतन साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य आज़ादी के महत्व को जन-जन तक पहुंचाना और राष्ट्र के प्रति एकजुटता एवं सम्मान की भावना को प्रोत्साहित करना था। जिला पंचायत सदस्य सुशील सिन्हा ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। इसके सम्मान और गौरव की रक्षा करना हर भारतीय का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से देशहित में आगे आने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने का आह्वान किया।

## भाजपा मंडल पामगढ़ ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पामगढ़



बाइक रैली निकालते मंडल के पदाधिकारी।

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर पूरे प्रदेश भर में जिला एवं मंडल स्तर पर अभियान मोर तिरंगा मोर अभिमान हर घर तिरंगा घर घर तिरंगा एवं तिरंगा बाइक रैली का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में मंडल पामगढ़ में बाइक रैली निकली गई।

रैली की शुरुआत दुपट्टा मोड सरदार वल्लभभाई पटेल चौक से की गई, जहां पदाधिकारियों द्वारा सरदार वल्लभभाई पटेल जी के मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया। इसके बाद तिरंगा यात्रा अंबेडकर चौक पहुंची जहां बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। पामगढ़ से निकलकर बाइक रैली मेंउभाटा होते हुए मेहंदी से राहोद के बिलारी चौक पर रैली का समापन किया गया। रैली में भारत माता की जय, छत्तीसगढ़ महतारी की जाए, तिरंगा झंडा अमर रहे, हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा, मोर तिरंगा मोर अभिमान जैसे नारे लगाए गए। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े, पूर्व जिला अध्यक्ष गुलाब सिंह चंदेल, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर, भाजपा जिला मंत्री कार्यक्रम के मंडल सह प्रभारी गुरू दयाल पाटले, भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू, जनपद उपाध्यक्ष रूपचंद साहू, सुधीर तिवारी, मनोहर शास्त्री,मानेश जांगड़े, सुभाष पटेल, सुरेंद्र कश्यप, मिथलेश साव, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, लल्लू गौरहा, मनोज घोष गौरव तिवारी सहित सैकड़ो की संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे ।

## जनपद पंचायत से वीरभांठा चौक तक तिरंगा यात्रा

**मालखरौदा।** आज़ादी के अमृत महोत्सव के तहत जनपद पंचायत मालखरौदा से वीरभाठा चौक तक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान जोश और उमंग के साथ "भारत माता की जय" तथा "पंद्रह अगस्त अमर रहे" के नारे लगाए गए। जनपद अध्यक्ष कवि शरण वर्मा की अगुवाई में हर घर तिरंगा घर-घर तिरंगा यात्रा निकाला गया जिसमें बड़ी संख्या में हर वर्ग के लोग शामिल हुए जहां जनपद पंचायत से लंबा तिरंगा लेकर अभियान समूह की महिलाएं तथा बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता शामिल हुए और तिरंगा जिंदाबाद वंदे मातरम के नारे लगाते हुए वीरभाठा चौक से घूम कर जनपद पंचायत में समापन किया गया। इस अवसर पर जनपद उपाध्यक्ष रितेश साहू मंडल अध्यक्ष जगदीश चंद्रा, लालू गबेल, चक्रधर साहू प्रवीण यादव के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं कार्यकर्ता तिरंगा रैली में शामिल हुए।






## विद्या भारती का उद्देश्य गरीब वर्ग के लोगों को शिक्षा की कड़ी से जोड़कर रखना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

- सरस्वती शिशु मंदिर में पूर्व छात्र सम्मेलन एवं सेवानिवृत आचार्य को दी गई विदाई

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में पूर्व छात्र सम्मेलन एवं सेवानिवृत आचार्य का विदाई-सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जुड़ावन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष विद्या भारती मध्य क्षेत्र थे। अध्यक्षता रविंद्र सराफ ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में कीर्ति कुमार अग्रवाल कोरबा, विभाग प्रमुख दीपक कुमार सोनी विभाग समन्वयक कोरबा विभाग, पुनीराम साहू अध्यक्ष लिंगेश्वर शिक्षण समिति, बद्री प्रसाद केसरवानी व्यवस्थापक, अश्वनी कुमार कश्यप प्राचार्य चांपा, विद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र कुमार यादव उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की पूर्व छात्रा काजल केसरवानी, छात्र हितेश साहू ने किया। सभी पूर्व छात्र अपना परिचय और कार्य क्षेत्र से उपस्थित लोगों को परिचित कराया तथा बारी-बारी से विद्यार्थी जीवन में व्यतीत सीखने में आनंद और संघर्षों को अनुभव कथन में व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने कहा की संगठनात्मक शक्ति बहुत ही प्रबल है। इस प्रकार के सम्मेलन में कई वर्षों से बिछड़े अपने मित्रों से मिलने का एक सुनहरा अवसर है। इस प्रकार का आयोजन प्रत्येक वर्ष बृहद रूप में होना चाहिए। उन्होंने कहा सरस्वती शिशु मंदिर की शिक्षा और संस्कार को समाज में बताने का एक बड़ा उदाहरण हैं। विद्या भारती का उद्देश्य ही है गरीब से गरीब और ग्रामीणों में निवास करने वाले अभावग्रस्त लोगों को शिक्षा की कड़ी से जोड़ करके रखना। इसी बीच विद्यालय से सेवानिवृत आचार्य रामकिशन पटेल को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह, श्रीफल, साल देकर सम्मानपूर्वक विदाई दी। सम्मेलन के दौरान ही सत्र 2013-14 बैच के छात्रों ने विद्यालय के लिए पांच सेट कंप्यूटर भेंट किया और उन्होंने दो सेट कंप्यूटर जल्द ही देने की बात कही। इस कार्य को करने के लिए पूर्व छात्र परिषद के अध्यक्ष हितेश साहू साथी सतीश चंद्राकर, भुनेश्वर साहू ने अपने मित्र मंडलों से संपर्क कर अथक प्रयास किया

## मिनी माता ने युवाओं को रोजगार व खेतों तक पानी पहुंचाने किया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

- मिनी माता की पुण्यतिथि पर जिला स्तरीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित



कैंडल जलाकर मिनी माता को श्रद्धा सुमन अर्पित करते विधायक एवं अन्य।

छत्तीसगढ़ की पहली महिला सांसद मिनीमाता और सतनामी समाज के प्रथम सांसद रेशमलाल जांगड़े के पुण्यतिथी पर जिलास्तरीय श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन अकलतरा स्थित मिनीमाता चौक मे किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों के द्वारा उनके प्रतिमा पर केंडल जला कर व माल्यार्पण किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अकलतरा विधायक राघवेंद्र सिंह ने मिनीमाता के संघर्षो पर प्रकाश डालते हुए कहा कि ममतामयी मिनी माता ने जब देखा कि छत्तीसगढ़ की जनता तकलीफ़ में है, प्रदेश के युवाओं को रोजगार, किसानों के खेतों को पानी चाहिए तो उन्होंने सांसद बनकर छत्तीसगढ़ लोगों के विकास के लिए परिणाम दायक कदम उठाया। मिनी मां केवल सतनामी समाज की नहीं बल्कि छत्तीसगढ़ के सर्व समाज के लिए पूजनीय महिला है। पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने मिनीमाता के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके समाज मे किये गये विकास कार्यो को बताया। उन्होंने कहा कि हसदेव बांगो परियोजना उन्हीं की देन है जिसके चलते बिलासपुर संभाग के किसान धान एवं अन्य फसलों की मनचाहा पैदावार करते हैं। जांजगीर विधायक ब्यास नारायण कश्यप ने मंच को संबोधित करते हुए उनकी जीवन के राजनीतिक उपलब्धियां पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम को वरिष्ठ नेता लक्ष्मण मुकीम, दीप्ति रोहित सारथी,मंजु सिह, इमरान खान, खुलन सोनवानी, महेश्वर टंडन ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन खुलन सोनवानी ने किया एवं आभार प्रदर्शन डमरू प्रसाद मनहर में किया। कार्यक्रम में तिलकराम कोशरे, संतन रात्रे, के.आर.टांडे, गंगाराम जाटवर, डमरु प्रसाद मनहर , बिभिषन पात्रे, इतवारी खुंटे, संतोष सिंह बैस, गुरुदयाल पाटले, अजय दिव्य, मोतीलाल कुर्रे, संजीव खरे, परमेश्व पाटले,कोमल लहरे, मनोज रात्रे, गुहाराम खंटे,मुकेश रात्रे, रोहित रत्नाकर, कृष्णा रात्रे, संतोष बंजारे, वेंकट रमन पाटले, सुरेश मिरचन्य, धीरेंद्र कुमार लहरे विकास भारद्वाज, आशीष बंजारे, राजकिशोर धिरही, छोटू सोनवानी, एवं नगर व क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या मे उपस्थित थे।




# पुत्रों की दीर्घायु के लिए माताएं आज रखेंगी व्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

- पसहर चावल व पूजन सामग्री खरीदने जुटी रही लोगों की भीड़



कचहरी चौक में पूजन सामग्री की खरीददारी करते लोग।

पुत्रों की दीर्घायु के लिए गुरुवार 14 अगस्त को महिलाएं श्रद्धा भक्ति के साथ परांरागत रीतियों का निर्वहन करते हुए खमरछठ का व्रत रखेगी। पुत्रवती महिलाएं इसकी तैयारी को लेकर आवश्यक सामग्री जुटानी शुरू कर दी है। इधर कचहरी चौक सहित बाजारों में पसहर चावल व पूजन सामग्री खरीदने लोगों की भीड़ जुटी रही।

भाद्रमास कृष्ण पक्ष की छठवीं तिथि को होने वाले इस हलषष्ठी (खमरछठ) पर्व पर पुत्रवती महिलाएं अपने पुत्रों की दीर्घायु एवं मंगलकामना के लिए व्रत रखकर विधि विधान से पूजा अर्चना करती है। छत्तीसगढ़ में इस पर्व को खमरछठ के नाम से जाना जाता है। इसमें पसहर चांवल, पूजा स्थल पर बनाये तालाब, भैंस का दूध-दही व घी, छः किस्म की भाजी, वन क्षेत्रों से आने वाला महुआ फल, धान की लाई आदि शामिल है। पर्व के दिन घर के आंगन में कृत्रिम तालाब तैयार करके उसमें पानी भर उसे महुआ की डाली, पत्ती, कांसी नामक घास की सींक आदि से सजाया जाता है। पर्व पर महिलाएं अपने पुत्रों की संख्या के अनुसार से मिट्टी व शक्कर से बनी चुकिया व मूर्ति तैयार करती है। दोनों किस्मों की चुकिया बाजार में आ गयी है जिसकी खरीदी भी महिलाओं द्वारा की जा रही है। इसी प्रकार महुए के दातौन एवं पूजन सामग्री की बिक्री भी बाजारों में शुरू हो गई है।

### होगा सर्वार्थ सिद्धि एवं रवि योग

संतान की लंबी आयु की कामना के उपदेश्य से रखा जाने वाला व्रत तथा बलराम के अवतरण दिवस हलषष्ठी व्रत खमरछठ गुरुवार 14 अगस्त को मनाया जाएगा। पं किरण कुमार मिश्रा ने बताया कि इस दिन रेवती नक्षत्र के साथ ही मित्र एवं बुधादित्य योग के साथ सर्वार्थ सिद्धि एवं रवि योग भी रहेगा , एक साथ इतने सारे योग होने से इस बार का यह व्रत बड़ा फलदाई माना जा रहा हे। ये शुभ फलदाई योग है जो एक साथ पढ रहे है इस दिन खमर छठ पुजा का शुभ मुहुर्त अपरान्ह काल सर्वश्रेष्ठ होता है जो की 12 बजकर 6 मिनट से 3 बजकर 19 मिनट तक रहेगा। इस व्रत की खासियत यह है कि इस व्रत में फलाहार के रुप में मुनि अन्न अर्थात पसहर चांवल का उपयोग किया जाता है। इसके अलावा गाय के दूध, दही, घी का उपयोग नहीं करते बल्कि भैंस के दूध व दही का उपयोग किया जाता है।

